http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

बोर्ड- 2018-19

कक्षा- 12

समय - 3 घण्टे विषय - बहीखाता एवं लेखाशास्त्र पूर्णांक- 100

बहु विकल्पीय प्रश्न 10

1. लाभ–हानि नियोजन खाता बनाना अनिवार्य है–
   1. एकल व्यापारी द्वारा 2. साझेदारी फर्म द्वारा.
   3. कम्पनी द्वारा 4. सहकारी समितियों द्वारा
2. ऋणपत्रों का शोधन होता है–
   1. नकदी में 2. नवीन ऋण–पत्रों के निर्गमन द्वारा
   3. समता अंशों के निर्गमन 4. इनमें से सभी द्वारा
3. साझेदारी में लाभ–हानि का बंटवारा किया जाना चाहिये–
   1. पूँजी के अनुपात में 2.बराबर–बराबर
   3. साझेदारी संलेख के अनुसार 4. इनमें से कोई नहीं।
4. प्रावधान है एक–
   1. सामान्य संचय 2. विशिष्ट संचय
   3. पूंजीगत संचय 4. सम्पत्ति
5. साझेदारी फर्म के विघटन की दशा में सर्वप्रथम खाता कौन–सा बनाया है?
   1. पुर्नमूल्यांकन . 2. बैंक खाता
   3. लाभ–हानि नियोजन खाता 4. वसूली खाता
6. निम्नलिखित में से सामान्यत: कौन आय व व्यय खाता तैयार करते/करती है?
   1. व्यापारिक संस्थान. 2. निर्माणी फर्म
   3. शिक्षण संस्थायें 4.संयुक्त स्कन्ध कम्पनियां
7. एक क्लब के दिन प्रतिदिन के नकद लेन–देनों को दर्ज किया जाता है–
   1. प्राप्ति व भुगतान खाते में, 2. आय व व्यय खाते में
   3. रोकड़ बही में 4. इनमें से कोई नहीं।
8. ह्रास लगाये जाने का कारण है–
   1. मूल्य में कमी, 2. मुद्रास्फीति
   3. टूटफूट 4. ये सभी।
9. गैर व्यापारिक संस्थाओं की आयगत प्राप्तियां व आयगत भुगतान दिखाये जाते है–
   1. लाभ–हानि खाते में 2. आय–व्यय खाता में
   3. प्राप्य खाते मे 4. प्राप्ति व भुगतान खाते में,
10. अमन और अमोल 2:1 के अनुपात में साझेदार है वे अतुल को 1/4 अंश के लिये प्रवेश देते है जो अपने अंश की ख्याति के लिये 6000रू अंशदान करता है। फर्म की ख्याति का कुल मूल्य है–
   1. 14000रू 2. 16000रू
   3. 20000रू 4. 24000रू

अति लघु उत्तरीय प्रश्न 20

11. अनुपात–विश्लेषण से क्या अभिप्राय है?
12. शोध्य व अशोध्य ऋण पत्र का क्या अर्थ है?
13. ख्याति को परिभाषित कीजिये।
14. अंश व ऋणपत्र में क्या अंतर है?
15. साझेदारी फर्म के समापन की किन्हींदो दशाओं का उल्लेख करों।
16. कार्यशील पूँजी क्या है?
17. आय–व्यय खाता किसे कहते है?
18. हस्ताक्षर वाक्य का क्या अर्थ है?
19. क्रय आदेश क्या है?
20. ब्याज सहित विनियोग के क्रय का क्या अर्थ है?

लघु उत्तरीय प्रश्न 30

21. सरकारी प्रतिभूतियों से आप क्या समझते है?
22. आगम–निगम शोधन खाता तथा आय–व्यय खाता में अन्तर बताइये।
23. साझेदारी की परिभाषा दीजिये। इसकी विशेषतायें बताइये।
24. पूर्वाधिकार अंशों का परिशोधन किस प्रकार किया जाता है?
25. ह्रास काटने की दो विधियों का वर्णन करो।
26. लागत अंकेक्षण क्या है?

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न 40

27. विनियोगों के क्रय–विक्रय पर ब्याज सहित व ब्याज रहित का क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

अथवा

एक्स वाई कम्पनी अपने खाते प्रतिवर्ष31 मार्च को बन्द करती है। इसने

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

1 जुलाई, 2003 को 90,000 रू मूल्य की एक मशीन क्रय की।
इसने एक अन्य मशीन 1 जनवरी, 2004 को 60,000 रू मूल्य तथा 1 अक्टूबर, 2004 को 30,000 रू मूल्य की मशीन क्रय की। 1 अप्रैल, 2005 को 1/3 मशीन, जो 1 जुलाई, 2003 को लगाई गई थी, खराब होने के कारण बेच दी गई।
कम्पनी की पुस्तकों में 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले विगत तीन वर्षो का मशीनरी खाता बनाइये। मशीन 'सीधी रेखा पद्धति' द्वारा 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से ह्रासित की जाती है।

28. पूर्वाधिकार अंश कितने प्रकार के होते है संक्षेप में वर्णन करो।

अथवा

शोभा लिमिटेड ने 20,000 अंश, 10 रू प्रति अंश की दर से निर्गमित किये। इन पर 5 रू आवेदन तथा आबंटन पर, 3 रू प्रथम याचना पर तथा 2 रू अन्तिम याचना पर देय है 200 अंश के एक अंशधारी ने अन्तिम याचना प्राप्त नहीं हुई बाकि सभी राशियां यथासंभव प्राप्त हो गई। आवश्यक जर्नल लेखे कीजिये। http://www.upboardonline.com

29. 'गार्नर बनाम मर्रे' वाद में दिये गये निर्णय की विवेचना कीजिये। क्या गार्नर बनाम मर्रे का सिद्धान्त भारत में लागू होता है?

अथवा

लागत लेखांकन का क्या अर्थ है? इसकी विभिन्न पद्धतियों की विवेचना करो।

30. विवेक और शंकर जो आपस में लाभ हानि 3:1 के अनुपात में बाँटते है, उनका चिट्ठा निम्नांकित था–

| दायित्व | राशि रू0 | सम्पत्तियां | राशि रू0 |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 75000 | रोकड़ | 44000 |
| सामान्य संचय | 8000 | प्राप्य बिल | 7000 |
| पूँजी– | | देनदार | 32000 |
| विवेक 60000 | | स्टॉक | 40000 |
| शंकर 32000 | 92000 | कार्यालय फर्नीचर | 2000 |
| | | भवन | 50000 |
| | 175000 | | 175000 |

निम्नलिखित शर्तो पर रमन को फर्म के लाभ में 1/5 भाग हिस्सा लेने के लिये सहमत हुये–

1. रमन 20,000 रू अपनी पूँजी के रूप में लायेगा।
2. स्टॉक तथा फर्नीचर का मूल्य क्रमश: 10 व 5 प्रतिशत से घटा दिया जाये।
3. फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 40,000 रू किया जाये। नई फर्म में ख्याति अपलिखित कर दी जाये।
4. सभी साझेदारों की पूंजी उनके लाभ–हानि विभाजन के अनुपात में समायोजित की जाये।

नये फर्म की पुस्तकों में साझेदारों का पूँजी खाता तथा लाभ–हानि समायोजन खाता तैयार करो।

अथवा

कम्पनी के निम्नांकित तलपट से 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिये लाभ–हानि खाता बनाइये–
अन्य सूचनायें निम्नांकित था–

1. 31 मार्च, 2014 को अन्तिम रहतिया रू 1,60,000 का था।
2. देनदारों पर 5 प्रतिशत की दर से अशोध्य व संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान कीजिये।
3. यंत्रों पर 10 प्रतिशत की दर से ह्रास काटिये।
4. वेतन रू 3000 अदत्त था।
5. किराया रू 2000 पूर्वदत्त था।

तलपट

| डेबिट शेष | रूपये | क्रेडिट शेष | रूपये |
|---|---|---|---|
| क्रय | 460000 | अंश पूँजी | 300000 |
| रहतिया | 120000 | विक्रय | 560000 |
| मजदूरी | 80000 | अपहार | 8000 |
| अपहार | 12000 | ब्याज | 9000 |
| वेतन | 15000 | संचिति | 28000 |
| किराया | 8000 | विविध लेनदार | 36000 |
| सामान्य व्यय | 18000 | | |
| देनदार | 45000 | | |
| अशोध्य ऋण | 3000 | | |
| यंत्र | 1,70,000 | | |
| रोकड़ | 10,000 | | |
| | 9,41,000 | | 9,41,000 |

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com